यहाँ से काटिए

**Sl.No. :**

नामांक **Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**No. of Questions – 14**

**No. of Printed Pages – 7**

**S–121–Hindi(D & D)**

# माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2020

## हिंदी

**समय** : 4¼ **घंटे**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

4) जिस प्रश्नों के **1, 2, 3, 4** भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 1

**1)** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

भारतीय भाषाओं और साहित्य में अग्रस्थान ग्रहण करने का हिन्दी ने आग्रह नहीं किया। यह इन सबकी संयोजक शक्ति के रूप में बनी रहना चाहती है। हिन्दी का यह विनय हिन्दी के हीन भाव के कारण नहीं है। राजभाषा का पद हिन्दी के लिए बहुत छोटा पद है। हिन्दी का साहित्यकार राजस्तुति को, प्राकृतजन के गुणगान को हमेशा तुच्छ कविकर्म मानता आया है। वह हमेशा से तेज का उपासक रहा है– वह तेज चाहे छोटे – छोटे से आदमी में हो पर हो। वह ऐसा कि उसमें समग्र विश्व का तेज प्रतिबिंबित हो।

i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए । **[2]**

ii) हिन्दी किस रूप में बनी रहना चाहती है? **[2]**

iii) हिन्दी का साहित्यकार किसे तुच्छ कविकर्म मानता आया है? **[2]**

iv) हिन्दी का रचनाकार किस प्रकार के तेज का उपासक रहा है? **[2]**

**2)** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कुदरत हमको रोज सिखाती,
जगहित में कुछ करना सीखें,
अपने लिए सभी जीते हैं,
औरों के हित मरना सीखें
सूरज हमे रोशनी देता
तारे शीतलता बरसाते
चाँद बांटता अमृत सबको
बादल वर्षा जल दे जाते
जुगुनू ज्यों थोड़ा – थोड़ा ही
अंधकार हम हरना सीखें
बिन अभिमान पेड़ देते है,
बीज, फूल, फल,ठण्ढी छाया।
ये दाधिचि बन कर हर युग में,
न्यौछावर कर देते काया,
मौसम चाहे कैसा भी हो
तरू की तरह निखरना सीखें।

i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। [2]

ii) कुदरत हमें क्या शिक्षा देती है? [2]

iii) चाँद सबको क्या बांटता है? [2]

iv) पेड़ शब्द का पर्यायवाची है– [2]

(अ) जलद (ब) वृक्ष (स) सदन (द) जल

अथवा

पूर्व चलने के बटोही,
बाट की पहचान कर ले।
पुस्तकों में है नहीं
छापी गई इसकी कहानी
हाल इसका ज्ञात होता
है ना औरो की जबानी,
अनगिनत राही गए इस तरह से
उनका पता क्या, पर गए कुछ
लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी
यह निशानी मूक होकर
भी बहुत कुछ बोलती है
खोल इसका अर्थ, पंथी!
पूर्व चलने के बटोही
बाट की पहचान कर ले।

i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii) पैरों के निशान क्या बताते है?

iii) 'बटोही' किसे कहा गया है?

iv) 'बाट' शब्द का अर्थ है–

अ) रास्ता ब) खेत स) पहाड़ द) क्षेत्र

## खण्ड – 2

**3)** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15 पंक्तियों में एक निबंध लिखिए। **[8]**

i) होली

ii) आतंकवाद

iii) शिक्षा का उद्देश्य

iv) यातायात – सुरक्षा

**4)** स्वयं को राज. उ. मा. वि., अजमेर का छात्र अभिषेक मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण तीन दिन का अवकाश प्रदान करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। **[4]**

अथवा

स्वयं को भरतपुर निवासी सुरेश मानते हुए मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन अधिकारी को आवेदन पत्र लिखिए।

## खण्ड – 3

**5)** i) कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए। **[2]**

ii) 'मेज पर बस्ता रखा है।' वाक्य में कारक व काल बताइए। **[2]**

iii) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

1) शाम के पाँच बजा है। **[1+1=2]**

2) एक कहानियों की पुस्तक दीजिए।

iv) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखिए व वाक्य प्रयोग कीजिए।

फूला न समाना **[1+1=2]**

v) ''अधजल गगरी छलकत जाय'' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए एवं वाक्य में प्रयोग कीजिए। **[2]**

## खण्ड – 4

**6)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

ईर्ष्या की बेटी का नाम निन्दा है, जो व्यक्ति ईर्ष्यालु होता है वही बुरे किस्म का निन्दक भी होता है। दूसरों की निंदा वह इसलिए करता है कि इस प्रकार दूसरे लोग जनता अथवा मित्रों की आँखों से गिर जायेंगे।

i) ईर्ष्या की बेटी का क्या नाम है? **[2]**

ii) ईर्ष्यालु व्यक्ति दूसरों की निन्दा क्यों करता है? **[2]**

**7)** कितना प्रमाणिक था उसका दुख

लड़की को दान में देते वक्त

जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो।

i) किसका दुःख प्रमाणिक बताया गया है? **[2]**

ii) माँ की अंतिम पूँजी किसे माना गया है? **[2]**

अथवा

उषा की लाली में

अभी से गए निखर

हिमगिरी के कनक – शिखर

i) उषा की लाली का क्या प्रभाव पड़ा है?

ii) 'हिमगिरि' शब्द का अर्थ बताइए।

8) निम्नलिखित प्रश्नों का सही उत्तर चुनकर लिखिए। **[4 × 1 = 4]**

i) कवि ने किस ऋतु को रितुराज कहा है?

अ) हेमन्त    ब) शिशिर

स) ग्रीष्म    द) बसन्त

ii) राजिया का मूल नाम था–

अ) राजा    ब) राजाराम

स) राजिया    द) रामदेव

iii) 'पर्यंक' शब्द का अर्थ है–

अ) पलंग    ब) पाठशाला

स) कुर्सी    द) देवालय

iv) प्रेमचन्द के पहले कहानी संग्रह का नाम है–

अ) मानसरोवर    ब) निर्मला

स) सोजेवतन    द) माधुरी

**9)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए। **[4 × 1 = 4]**

i) कृष्ण 'गोरी' सम्बोधन किसके लिए कर रहे है?

ii) नायिका ने किस ऋतु से सम्बंधित सपना देखा था।

iii) रूकमणी हरण की कथा कहाँ मिलती है?

iv) अमर शहीद एकांकी में पुलिस अधीक्षक का क्या नाम था।

**10)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[3 × 2 = 6]**

i) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या –क्या विशेषताएँ बतायी है?

ii) यामिनी में अनूठा पता कौन बता रही है?

iii) लक्ष्मीबाई को किसकी गाथाएँ याद थी?

iv) 'कल और आज' कविता के द्वारा क्या संदेश दिया गया है? स्पष्ट कीजिए।

**11)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[3 × 2 = 6]**

i) ग्रेजुएट नवयुवक से लेखक मोहन राकेश की क्या बातचीत हुई?

ii) लेखक ने ईर्ष्यालु व्यक्ति के क्या लक्षण बताये है?

iii) दादू खोल से क्या आशय है?

iv) दुपहिया वाहन चलाते समय किन बातों का ध्यान रखना अति आवश्यक है?

**12)** निम्न प्रश्नों के उत्तर 5 से 6 पंक्तियों में दीजिए।

i) 'ऋतु –वर्णन' कविता के आधार पर बसंत ऋतु के सौन्दर्य पर टिप्पणी लिखिए। **[4]**

अथवा

कवि कृपाराम के संकलित अंश के आधार पर वाणी के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

ii) 'ईदगाह' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **[4]**

अथवा

दादू ने अपने शिष्यों को क्या शिक्षा दी?

**13)** निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन परिचय संक्षेप में दीजिए। **[3]**

i) तुलसीदास

ii) देव

iii) सुभद्रा कुमारी चौहान

**14)** निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का परिचय संक्षेप में दीजिए। **[3]**

i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

ii) मोहन राकेश

iii) लक्ष्मीनारायण रंगा

DO NOT WRITE ANYTHING HERE